प्रादेशिक समाचार
दिनांक–30.07.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. **मनु भाकर और सरबजोत सिंह ने भारत को पेरिस ओलंपिक में दिलाया दूसरा पदक, एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बनी मनु भाकर।**
2. **चक्रधरपुर के पास हावड़ा–मुम्बई रेल दुर्घटना के बाद राहत और बचाव कार्य हुआ पूरा, रेलवे ने की मृतकों के परिजनों को 10–10 लाख रुपये अनुग्रह राशि दिये जाने की घोषणा, राज्य सरकार भी देगी दो–दो लाख का मुआवजा।**
3. **झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के तीसरे दिन भी सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोंकझोंक, 4 हजार 8 सौ 33 करोड़ रुपये का अनुपूरक बजट ध्वनिमत से पारित।**
4. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विधानसभा में की घोषणा–टैक्स के दायरे में नहीं आने वाले लोगों को सरकार मुफ्त देगी बालू।**
5. **राज्य में पांच अगस्त तक सभी स्थानों पर होगी बारिश। सिंहभूम, सरायकेला और सिमडेगा समेत कई जिलों में अगले तीन दिनों तक भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी।**

****

पेरिस ओलंपिक में भारतीय निशानेबाज मनु भाकर और सरबजोत सिंह ने आज दस मीटर एयर पिस्टल मिक्सड टीम स्पर्धा में भारत के लिए दूसरा कांस्य पदक जीता। मनु भाकर एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतनें वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बन गईं। दक्षिण कोरिया के ओह ये जिन और ली वोन्हो से 16–10 के अंतर से जीतकर मनु और सरबजोत की जोड़ी ने कांस्य पदक हासिल किया। इससे पहले मनु भाकर नें रविवार को दस मीटर पिस्टल शूटिंग में कांस्य पदक जीतकर भारत का खाता खोला था। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और झामुरखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मनु भाकर और सरबजोत सिंह को बधाई दी है।

****

पश्चिमी सिंहभूम के चक्रधरपुर के पास आज हुई हावड़ा–मुंबई रेल दुर्घटना के बाद राहत और बचाव कार्य पूरा हो गया है। चक्रधरपुर रेल मंडल के अंतर्गत बड़ाबाम्बो और खरसावा रेलवे स्टेशन के बीच आज सुबह हावड़ा–मुंबई मेल की 18 बोगियों के पटरी से उतरने से दो यात्रियों की मृत्यु हो गई और 24 यात्री घायल हो गए। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने घटना पर संवेदना प्रकट करते हुए देश में रेल दुर्घटनाओं की बढ़ती संख्या पर चिंता जाहिर की।

इस बीच राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता और परिवहन मंत्री दीपक बिरुआ ने हादसे का जायजा लिया। स्वास्थ्य मंत्री ने राज्य सरकार की ओर से मृतकों परिजनों को दो–दो लाख और घायलों को 50–50 हजार रुपये सहायता राशि देने की घोषणा की।

इस बीच दक्षिण पूर्व रेलवे के जीएम अनिल कुमार मिश्रा ने बताया कि रेल दुर्घटना के बाद दक्षिण पूर्व रेलवे के टाटानगर–चक्रधरपुर रेलखंड पर रेल यातायात बाधित हो गया है। लंबी दूरी की 11 ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है, छह को शॉर्ट टर्मिनेट किया गया है और 17 ट्रेनों के मार्ग में परिवर्तन किया गया है। शीर्ष अधिकारी यातायात बहाली कार्य की निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि रेलवे ने मृतकों के परिजनों को 10–10 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है।

****

झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के तीसरे दिन आज भी विभिन्न मुद्दों पर तीखी नोंकझोंक हुई। भाजपा विधायकों ने बांग्लादेशी घुसपैठ, सहायक पुलिसकर्मियों पर पिछले दिनों हुए लाठीचार्ज और सरकारी पदों पर नियुक्ति की मांग को लेकर जोरदार नारेबाजी की। हंगामे के बीच ही 4 हजार 8 सौ 33 करोड़ 39 लाख रुपये का अनुपूरक बजट ध्वनिमत से पारित हो गया। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो ने सदन की कार्यवाही कल 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

****

इससे पहले सदन के बाहर भी विपक्षी सदस्यों ने रोजगार समेत अन्य मुद्दों पर प्रदर्शन किया। इस दौरान भाजपा विधायक अनंत ओझा ने सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया।

****

झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र में अनुपूरक बजट पर चर्चा में भाग लेते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बड़ी घोषणा की। उन्होंने कहा कि जो लोग टैक्स के दायरे में नहीं आते हैं उन्हें राज्य सरकार मुफ्त में बालू उपलब्ध करायेगी।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि देश का सकल घरेलू उत्पाद–जीडीपी आठ प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है और वह दिन दूर नहीं जब यह वैश्विक स्तर पर तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। आज नई दिल्ली में विकसित भारत की ओर यात्रा नामक सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि महामारी से जूझने के बाद भी भारत नई ऊंचाइयों पर पहुंच गया है।

****

लातेहार की उपायुक्त गरिमा सिंह ने मुख्यमंत्री मइंया सम्मान योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया है।

****

झारखंड के नये राज्यपाल संतोष गंगवार आज रांची पहुंचे। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो समेत राज्य के कई अन्य मंत्रियों और अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। श्री गंगवार कल पद और गोपनीयता की शपथ लेंगे। इससे पहले तत्कालीन राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को आज राजभवन में विदाई दी गयी। उन्हें महाराष्ट्र का राज्यपाल बनाया गया है।

****

मौसम विभाग ने राज्य में फिलहाल बारिश होते रहने का पूर्वानुमान जताया है। हालांकि अगले तीन दिनों तक रांची, सिंहभूम, सरायकेला, सिमडेगा, पलामू और धनबाद समेत कई जिलों में भारी बारिश हो सकती है। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

********समाप्त********